मुरलिया जादू करे | By Hemlata Verma

ओ रास रचैया मुरली के बजैया
काहे मुरली बजा के सुख चैन हरे
मुरलिया जादू करे, मुरलिया जादू करे

एक तो ये तोरे नैना कारे कजरारे हैं
उसपे मुरलिया भी जादू सो डारे हैं
जब मुरली बजावे मंद मंद मुस्कावे
काहे ज़ुल्मी कन्हाई ऐसे ज़ुलम करे
मुरलिया जादू करे, मुरलिया जादू करे

मन को लुभावे तोहरी मोहिनी सुरतिया
अधरों की लाली कारी कारी ये पुतलिया
तू मुखड़े पे डाले जब लट घुंघराले
तेरी बांकी अदा बहुत सितम करे
मुरलिया जादू करे, मुरलिया जादू करे

देख अकेली मोहे कान्हा अब सखियाँ
करे हैं ठिठोली पूछे प्रेम भरी बतियाँ
तेरा प्रेम है कैसा मेरा सुख चैन लूटा
आके सपनो में शर्मा की निंदिया हरे
मुरलिया जादू करे, मुरलिया जादू करे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-hemlata-verma/